# राजकीय महाविद्यालय, सांपला (रोहतक)

# वार्षिक प्रतिवेदन 2021–2022

## दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## दिनांक 20 जून, 2022

मुख्य अतिथि

## श्री आनन्द मोहन शरण I.A.S.

अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि

## श्री राजेश जैन

महा निदेशक, एल.पी.एस. बोसार्ड, रोहतक

प्रस्तुतकर्त्ता : डॉ. परम भूषण आर्य HES-1
प्राचार्य



मुख्य अतिथिः

## श्री आनन्द मोहन शरण (IAS)

अतिरिक्त मुख्य सचिव,
उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार

विशिष्ट अतिथिः

## श्री राजेश जैन जी

M.D., L.P.S. Bossard
प्रधान जैन सभा (रजि.) रोहतक





प्राचार्य

## डॉ. परम भूषण आर्य

एच.ई.एस-1

## महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

सांपला कस्बा रोहतक जिले में ऐतिहासिक रूप से एक समृद्ध कस्बा रहा है, इसकी स्थिति रोहतक जिले से 24 किलोमीटर पूर्व की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 9 के नजदीक स्थित है। खंड की उच्च शिक्षा की मांग को हरियाणा सरकार ने वर्ष 2013 में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करके पूरा किया एवं दिनांक 24.05.2013 से सत्र 2013-14 आरंभ करने की अनुमति दी। इससे पूर्व यहां के गांव देहात के छात्र/छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए या तो रोहतक जाना पड़ता था या बहादुरगढ़ और झज्जर की ओर का रुख करना पड़ता था। वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय, सांपला में कला एवं वाणिज्य में स्नातक और वाणिज्य में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा दी जा रही है। वर्ष 2013 में छात्र/छात्राओं की संख्या 175 थी उसके बाद लगातार प्रगति करते हुए वर्तमान सत्र में 787 छात्र/छात्राएं कला व वाणिज्य की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## महाविद्यालय परिवार

वर्तमान सत्र में इस महाविद्यालय में कुल 787 छात्र/छात्राएं जो कला एवं वाणिज्य में शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। सभी संकायो की कक्षाएं नियमित रूप से लग रही है।

## शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. परम भूषण आर्य | : | प्राचार्य |
| 2. श्री पवन कुमार | : | प्राध्यापक इतिहास-विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 3. डॉ. रोशन लाल रोहिल्ला | : | प्राध्यापक वाणिज्य -विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 4. श्री हरदीप सिह | : | प्राध्यापक, अंग्रेजी-विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 5. डॉ. दीपक लठवाल | : | प्राध्यापक अंग्रेजी-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 6. श्रीमती निधि | : | प्राध्यापिका भूगोल-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 7. श्री अशोक कुमार | : | प्राध्यापक गणित-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 8. डॉ. जयपाल | : | प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 9. डॉ. सुमन देवी | : | प्राध्यापिका वाणिज्य-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 10. कुमारी प्रीति इष्टकान | : | प्राध्यापिका वाणिज्य-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 11. श्रीमती आशा रानी | : | प्राध्यापिका गणित-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |
| 12. श्री सुरेश कुमार | : | प्राध्यापक हिन्दी-विभाग (सहायक प्रोफेसर) |

## Extension Lecturers

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्रीमती मंतल देवी | : | हिन्दी |
| 2. श्रीमती प्रतिभा | : | राजनितिक विज्ञान |
| 3. श्रीमती प्रीति | : | भूगोल |
| 4. श्री अनिल | : | भूगोल |
| 5. श्रीमती प्रीति छिल्लर | : | वाणिज्य |
| 6. कुमारी अंकिता | : | वाणिज्य |

## Non-Teaching Staff

1. श्री पवन कुमार : लिपिक कम डाटा एंट्री आपरेटर
2. श्री आनन्द सिंह : लिपिक कम डाटा एंट्री आपरेटर
3. श्री नितिन कुमार : Computer Instructor
4. श्री कुलदीप : Computer Lab Attendent
5. श्री राजेश कुमार : सुख सहायक
6. श्री बिजेन्द्र सिंह : सुख सहायक
7. श्रीमती मीना देवी : सुख सहायक
8. श्रीमती आशा : स्वीपर
9. श्री बीरबल सिंह : स्वीपर कम चौकीदार
10. श्री नवीन : माली कम चौकीदार
11. श्री भूपेन्द्र : चौकीदार

## परीक्षा परिणाम

### DETAILS OF UNIVERSITY RESULT 2020-2021

| Sr. No. | Class | Total Student | Pass | Fall | College Pass% | University Pass% | Difference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A | 109 | 87 | 22 | 79.81 | 52.92 | +26.89 |
| 2 | B.COM | 31 | 19 | 12 | 61.29 | 52.70 | +8.59 |
| 3 | M.COM | 37 | 22 | 15 | 59.45 | | |

## दीक्षांत समारोह

महाविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि श्री आनंद मोहन शरण अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार एवं विशिष्ट अतिथि श्री राजेश जैन, प्रबंध निदेशक, एल.पी.एस बोसार्ड रोहतक ने छात्र/छात्राओं को स्नातक वह स्नातकोत्तर की उपाधि से सम्मानित किया।

## वित्त अनुदेशक

डॉ. सुमन देवी महाविद्यालय के वित्त अनुदेशक है जो अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कर रही है।

## सरकारी अनुदान

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा महाविद्यालय को विभिन्न मद (स्पोर्ट्स, वूमेन सेल, प्लेसमेंट सेल, लाइब्रेरी, सीखो और कमाओ, पासपोर्ट आदि) में कुल राशि 860347/- सरकारी अनुदान के रूप में प्राप्त हुए जिनमें से महाविद्यालय ने कुल 762079/- रुपए इस वर्ष में अलग-अलग मदों में खर्च किया गया।

## कार्यालय

महाविद्यालय के कार्यालय में स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति न होने के कारण कार्यालय प्रभारी का कार्य प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. रोशन लाल रोहिल्ला देख रहे हैं, उनकी देखरेख में कार्यालय में श्री पवन कुमार व श्री आनंद क्लर्क कम डाटा एंट्री ऑपरेटर का कार्य कर रहे हैं कार्यालय का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था की रीड़ की हड्डी माना जाता है इस भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में करीब 3053 पुस्तकें हैं। महाविद्यालय का पुस्तकालय कुमारी प्रीति इष्टकान के मागदर्शन में पूर्णतया ऑनलाइन स्वचालित है जो Soul 3.0

सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है। एक समय पर पुस्तकालय में 150 छात्र/छात्राएं बैठकर अध्ययन कर सकते हैं। छात्र/छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय सत्र की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध है।

## कंम्प्यूटर प्रयोगशाला

महाविद्यालय में एक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित कंम्प्यूटर प्रयोगशाला है जिसमें 21 कंम्प्यूटर रखे गए हैं डॉ. जयपाल इस प्रयोगशाला के नोडल अधिकारी हैं जिनकी देखरेख में एक कंप्यूटर अनुदेशक श्री नितिन कुमार और एक लैब अटेंडेंट श्री कुलदीप पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से कंम्प्यूटर शिक्षा नियमित रूप से दे रहे हैं। महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब पूर्ण रूप से इंटरनेट, एयर कंडीशन व पावर बैकअप की सुविधा से लैस है।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने UGC की धारा 2F के अंतर्गत मान्यता प्राप्त की गई।

## आंतरिक मूल्यांकन गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

डॉ. रोशन लाल रोहिल्ला, प्रभारी IQAC की देखरेख वर्ष भर में महाविद्यालय के कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु तथा सभी प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओ के API Score मूल्यांकन करने बारे यह प्रकोष्ठ सक्रिय रहा है।

## मैंटर ग्रुप

छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याओं के निदान हेतु हर सप्ताह के शुक्रवार को कक्षाओं के समय में कटौती करते हुए सभी प्राध्यापकों द्वारा रोल नंबर के अनुसार मैंटर इंचार्ज श्री पवन कुमार की देखरेख में मैंटर ग्रुप लगाए जाते हैं तथा पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याओं का निदान महाविद्यालय स्तर पर किया जाता है।

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता

प्रभारी श्री पवन कुमार की देखरेख में हरियाणा सरकार के अंग पालना में वर्तमान सत्र में निम्नलिखित छात्रवृत्ति प्रदान की गई-

| S. No. | Scholarship | Student Benefited | Amount Per Student | Total Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Consolidated Stipend Scheme for SC Student | 131 | 12000 + 2000 (For Books) | 1834000/- |

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर शाखा के आवंटन हेतु आवेदन किया गया। श्री सुरेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर इसके प्रभारी है, जोकि भूतपूर्व वायु सैनिक भी रहे है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

NSS प्रभारी डॉ. दीपक लठवाल की देखरेख में दिनांक 19 मार्च 2021 से 25 मार्च 2021 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में स्वयंसेवकों को मत्सय पालन, पशु पालन, योगा, डिजिटल बैंकिंग की बारीकयों से अवगत करवाया गया।

तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की साफ-सफाई की गई व सांपला में जागरूकता रैली निकाली गई।

एन.एस.एस के अन्तर्गत महाविद्यालय में 24 अक्टूबर 2022 को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया जिसमें डॉ. रणबीर गुलिया, कोर्डिनेटर एन.एस.एस., एम.डी.यू. रोहतक मुख्य वक्ता रहे।

## महिला प्रकोष्ठ

प्रभारी श्रीमती आशा रानी (गणित विभाग) की देखरेख कार्य हो रहा है। महिला प्रकोष्ठ द्वारा निम्नलिखित गतिविधिया करवाई गई-

1. दिनांक 09/08/2021 को श्री सुनीत मुखर्जी, Director Public Relation, MDU Rohtak द्वारा (Legal Rights of Women) पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।
2. दिनांक 15/12/2021 को प्रोफेसर अंजना रानी गर्ग (सेवानिवृत्त), डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, MDU Rohtak के द्वारा (Women Empowerment) पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।
3. दिनांक 12/02/2022 को डॉ. सुरेंद्र सिह धामीवाल, Ditician, Civil Hospital, Jind द्वारा (Importance of Healthy Diet) पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।

## व्यवसाय एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ

कुमारी प्रीति इष्टकान की देखरेख में इस विभाग का कार्य किया जा रहा है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की गई- दिनांक 09/02/2022 को पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक में एक Placement Fair का आयोजन किया गया। जिसमे इस महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 05 विद्यार्थियो का चयन हुआ था।
दिनांक 15/02/2022 को डॉ. सुरेश सिंघल, सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग ने (Role of Language in Carrer Guidelines) पर विस्तार व्याख्यान दिया।

## शिकायत निवारण एवं यौन उत्पीड़न निवारण समिति

छात्र छात्राओं की शिकायत के निवारण हेतु प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में शिकायत निवारण समिति तथा यौन उत्पीड़न निवारण समिति गठित की गई है जिस के प्रभारी श्री पवन कुमार द्वारा समय-समय पर छात्र/छात्राओं की समस्याओं का निदान किया जाता है।

## Earn While You Learn

महाविद्यालय में एक कल्याणकारी योजना (Earn While You Learn) का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में स्वावलंबन की भावना को विकसित करना है इस योजना के तहत 20 छात्र/छात्राओं को प्रभारी हरदीप राठी (अंग्रेजी विभाग), की देखरेख में लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल प्रयोगशाला और कंप्यूटर लैब आदि में कार्य दिया गया।

## Youth Red Cross

YRC के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक लठवाल है।
YRC के दौरान स्वयंसेवकों ने पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए गांव गढी सांपला में रैली निकाली। स्वयंसेवको ने नशा मुक्ति अभियान चलाया व ग्रामीणे को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।
YRC में स्वयंसेवकों ने 8 मार्च को MDU मे विश्व रैड क्रास दिवस मनाया तथा डॉ. दीपक लठवाल ने रक्तदान किया। स्वयसेवको ने 01 मई 2022 को एड्स जागरूकता अभियान चलाया।

## वार्षिक खेलकूद रिपार्ट : 2021-22

राजकीय महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद रिपार्ट 2021-22 निम्न प्रकार से है-

Achievement in Individual Event/ Game of the College

| Sr. No. | Name of Student | Father Name | Class | Roll No. | Game/Spor | Achievement |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Vijay | Rajesh | B.A -I | 1211281002246 | Wrestling | 1. Bronze Medal in Khelo India University Game. |
| | | | | | | 2. Gold Medal in All India Inter University Wrestling Championship |
| 2 | Aman Kumar | Om Parkash | B.Com 1 | 1211281003025 | Wrestling | Bronze Medal in All India Inter University Wrestling Championship |
| | | | | | | Participation in Khelo India University Game |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Rohit Ahlawat | Dharmander Ahalwat | B.A -III | 3041210100 | Judo | Bronze Medal in All India Inter University Judo Championship |
| 4 | Mitesh Deshwal | Rajbir Deswal | B.A-II | 120128002029 | Boxing | Bronze Medal in National Youth Boxing Championship 2021<br>Participation in Khelo India Youth Game |
| 5 | Sahil | Rohtash | B.A -III | 3041210066 | Grappling | Gold Medal in All India University Championship |
| 6 | Nitik | Suresh | BA-II | 120128002193 | Grappling | Gold Medal in All India University Championship |
| 7 | Tushar | Tilakraj | BA-I | 1211281002207 | Grappling | Gold Medal in All India University Championship |
| 8 | Vijay | Surender | BA-II | 120128002192 | Grappling | Gold Medal in All India University Championship |
| 9 | Deepak | Rakesh | BA-I | 1211281002054 | Grappling | Gold Medal in All India University Championship |
| 10 | Ankush | Jagdev | B.A -III | 3041210197 | Grappling | Silver Medal in All India University Championship |
| 11 | Rakesh | Moolchand | B.A II | 120128002144 | Handball | Participation in North Zone Inter University Handball Championship |
| 12 | Dhiraj | Raj singh | B.A-I | 1211281002142 | Wrestling (FS) | Silver Medal In MDU Inter College Championship |
| 13 | Vijay | Surender | BA 2 | 120128002192 | Wrestling (GR) | Silver Medal In MDU Inter College Championship |
| 14 | Sachin Khatri | Ram Kumar | B.Com-III | 3044610022 | Boxing | Bronze Medal in State Inter College Boxing Championship<br>Bronze Medal In MDU Inter College Championship |
| 15 | Utsav Chahar | Ravinder | B.A -III | 3041210220 | Boxing | Bronze Medal In MDU Inter College Championship |

Achievement in Team Game of the College

| Sr. No. | Name of the Tournament | Game | Organized by | Poition |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Inter College Championship | **Wrestling** | M.D. University, Rohtak | Winner |
| 2 | Inter College Championship | **Grappling** | M.D. University, Rohtak | Winner |
| 3 | Inter College Championship | **Judo** | M.D. University, Rohtak | Runner-Up |
| 4 | Inter College Championship | **Target Ball** | M.D. University, Rohtak | Runner-Up |
| 5 | State Inter Colligate | **Judo** | Department of Higher Education, Haryana | IInd Runner-Up |

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. सुमन देवी वाणिज्य विभाग ने गुड़गांव विश्वविद्यालय गुड़गांव, हरियाणा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा संत जिन्दा कल्याण कालेज कलानौर द्वारा आयोजित संगौष्ठी में भाग लिया।
2. कुमारी प्रिती इष्टकान वाणिज्य विभाग ने महिला महाविद्यालय खानपुर द्वारा आयोजित Refresher Course में भाग लिया,

दो राष्ट्रीय वैबनार में भाग लिया तथा डीएवी कालेज बटाला, पंजाब द्वारा आयोजित एक दिवसीय FDP में भाग लिया।

3. श्रीमती आशा रानी गणित विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में दो शोध-पत्र प्रकाशित करवाए तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगौष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
4. डॉ. दीपक लठवाल अंग्रेजी विभाग ने ARPIT Course for CAS Promotion Online Refresher Course in Philosophy मे भाग लिया, राष्ट्रीय संगोष्ठियों में दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए, महिला महाविद्यालय खानपुर द्वारा आयोजित दो सप्ताह के Refresher Course में भाग लिया तथा जाट हिरोज मेमोरियल कालेज, रोहतक द्वारा आयोजित District Level Youth Red Awareness Programme में लैक्चर दिया।
5. सुरेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी ने दो पुस्तकों का प्रकाशन करवाया, अन्तरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में दो शोध पत्र प्रकाशित करवाए, 03 राष्ट्रीय वैबनार तथा महिला महाविद्यालय खानपुर द्वारा आयोजित Refresher Course में भाग लिया तथा दो आनलाइन अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया व शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं

महाविद्यालय मे छात्रो के लिए कुश्ती मैट व खेल के मैदान की आवश्यकता है खेल मैदान में मिट्टी का भरत करवाकर तैयार कराने का कार्य करवाया जाना है जिसके लिए XEN, PWD (B & R) स्तर पर कार्य किया जाना है। महाविद्यालय मे खिलाडियों के लिए बास्केट बाल कोर्ट व 200 मीटर का ट्रैक बनवाने की भी आवश्यकता है तथा Sound Proof of Multipurpose Hall की भी आवश्यकता है। महाविद्यालय विस्तार के लिए तीसरी और चौथी मंजिल के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। जो विभाग द्वारा मुख्य अभियंता भवन व निर्माण विभाग हरियाणा को बजट व नक्शा तैयार करने हेतु भेजा हुआ है। महाविद्यालय में B.SC (Non-Medical) और M.A (Pol. Sc) कक्षा आरम्भ करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति देकर अनुग्रहित करें।

## आभार प्रकटीकरण

आज के इस पावन अवसर पर मैं स्वयं तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी माननीय आहुत व्यक्तियों प्रबुद्ध पत्रकार बंधु तथा अन्य प्राचार्य गण को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस पावन एवं मंगल अवसर पर पहुंचकर इसकी शोभा दुगनी की, मैं अपने छात्र/छात्राओं द्वारा किए गए सहयोग के लिए भी धन्यवाद देता हूं तथा पूर्ण आशा करता हूं कि भविष्य में भी वे स्वच्छ वातावरण बनाए रखेंगे। समस्त छात्र/छात्राओं को आगामी अर्ध वार्षिक परीक्षाओं में आशातीत सफलता की शुभकामनाएं देता हूं।
मैं अपने समस्त अनुभवी कर्मठ प्राध्यापक एवं समस्त कर्मचारियों का धन्यवाद करता हूं जिनके सहयोग से ही यह वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। इन्ही शब्दों के साथ ही मैं आपके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

धन्यवाद

**डॉ. परम भूषण आर्य**
**एच. ई. एस-1**
**प्राचार्य, रा. महा. सांपला, रोहतक**

